संक्षिप्त

शेखावत जिला संयोजक बने

श्रीमाधोपुर, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर अलवर के सभागार में हिंदु जागरण मंच की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक में नए दायित्वों की घोषणा प्रदेश संगठक ने करते हुए मनोज प्रताप सिंह, सुभाष कुमार, डॉक्टर महावीर सिंह बलवदा सहित प्रांतीय कार्यकारिणी में सीकर विभाग प्रमुख शंकर भारती एवं समस्त प्रांतीय कार्यकारिणी की अनुशंसा पर स्थानीय कस्बे के सामाजिक कार्यकर्ता हिंदु जागरण मंच के निवर्तमान जिला महामंत्री दिलीप सिंह शेखावत को हिंदु जागरण मंच की रचना के अनुसार नव सृजित श्रीमाधोपुर जिले का जिला संयोजक नियुक्त किया है। शेखावत के अनुसार हिंदु जागरण मंच की नवीन पद्धित के अनुसार अब अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के स्थान पर संयोजक एवं सह संयोजक के नए दायित्वों का निर्धारण किया गया है। इसी क्रम में श्रीमाधोपुर के दिलीप सिंह शेखावत को यह दायित्व प्रदान किया गया है ।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण ने बताया कि एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। मामले की जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर दानिश पुत्र जाकिर उम्र 18 साल निवासी बिलाल कॉलोनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिए जाने के बाद उसे पुनः अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

अनियंत्रित पिकअप पलटी,चार घायल

मालपुरा, (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के मोरला रोड पर बुधवार की देर शाम एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित हो पलटी खा जाने से पिकअप सवार चार मजदूर घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए लाम्बाहरिसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मिली जानकारी में सामने आया कि बुधवार की शाम मोरला से नगर जा रही पिकअप बणी-ठणी होटल के पास अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। धमाके की आवाज सुन दौडे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर पिकअप में फंसे चारों घायल मजदूरों को निकाल लाम्बाहरिसिंह अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया।

'कश्मीर से कन्याकुमारी तक कांग्रेस खत्म, राजस्थान भी होगा कांग्रेस मुक्त'

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दावा किया कि राजस्थान में दो तिहाई बहुमत से भाजपा सरकार बनाएगी

किशनगढ़ बास, (निसं)। कश्मीर से कन्याकुमारी तक कांग्रेस खत्म हो गई है, थोड़े बहुत अवशेष राजस्थान में बचे हैं वह भी मुझे लगता है जिस तरह से बदलाव आ रहा हैं और लोगों में गुस्सा है वह भी नहीं बचेंगे और पूरी तरह कांग्रेस राजस्थान से मुक्त होगी।

यह बात बुधवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने दिल्ली से जयपुर आते समय किशनगढ़ बास में पूर्व विधायक रामहेत यादव की ओर से किए गए स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं से कही।

- पूर्व मंत्री हेम सिंह भड़ाना, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल आदि ने भी पूनिया का स्वागत किया

किशनगढ़ बास में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

किशनगढ़ बास में भिवाड़ी अलवर राज्य मार्ग पर गांव चामरौदा के पास एक निजी फार्म हाउस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने राहुल गांधी पर चुटकी ली और कहा 10 दिन में चमत्कारी नारा देकर किसानों का कर्ज माफ करने वाला बेचारा रूपसिंह नौकरी की तलाश में अभी भी घूम रहा है।

राहुल गांधी जिधर नजर फेर दे वहां बंटाधार ही होता है कांग्रेस का भी हो रहा है। यह तो सही समय पर भगवान ने मोदी को भेज दिया वरना कांग्रेस राज में तो देश का भला नहीं हो सकता था। आज कांग्रेस के प्रति जो लोगों में गुस्सा है उसका कारण भी कोई और नहीं स्वयं कांग्रेस है। किसान, नौजवानों से झूठे वायदे किए, कानून व्यवस्था की हालत किसी से छिपी नहीं है लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष पूनिया ने मंच से दावा किया कि 2023 में दो तिहाई बहुमत से राजस्थान में भाजपा सरकार बनाएगी। इसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की और कहा राजस्थान से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने में अभियान का हिस्सा बने। राजस्थान की भलाई के लिए काम करें वह प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों को एवं केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं जिससे राजस्थान में फिर से कार्यकर्ता और जनता का राज स्थापित हो।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के पहुंचने से पहले पूर्व मंत्री हेम सिंह भड़ाना, पूर्व विधायक रामहेत यादव, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, सोहनलाल सुलानिया, बन्नाराम मीणा, खुशीराम यादव, खेमचंद धामणी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और आमजन विरोधी प्रदेश की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का आव्हान किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष संजय नरूका, मोहित यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश सिंघल, किशनगढ़ बास, कोटकासिम, मोठूका, खैरथल, हरसोली मंडल से पहुंचे पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

शहरी ओलंपिक खेलों की तैयारी बैठक

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। उपखण्ड कार्यालय में बुधवार को राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति के सदस्यों के साथ उपखण्ड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 26 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन को लेकर उपखण्ड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ने अधिशासी अधिकारी (सदस्य सचिव) को खेल मैदान, निर्धारण खेलों की सामग्री एवं विभागीय आदेश अनुसार समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को तय समय पर करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्रत्येक वार्ड में खेलों के आयोजन का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आयोजन में निष्पक्ष रुप से खेलों के आयोजन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चिकित्सा व्यवस्था हेतु ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को आवश्यकता अनुसार चिकित्साकर्मी मय एम्बुलेंस खेल प्रतियोगिता अवधि में नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस विभाग के अधिकारियों को खेल आयोजन अवधि में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही उपखण्ड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ने चौमू शहर के सभी वार्ड वासियों से अपील की है कि इन खेलों में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाएं।

विद्यालय में विकास कार्यों लोकार्पण

पावटा, (निसं)। ग्राम पंचायत खेलना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह गुलजारी लाल असवाल राजस्थान शिक्षा भूषण द्वारा स्व. धर्मपत्नी कमला देवी की स्मृति में 50 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार, सभागार भवन, ट्यूबवेल व जल मंदिर का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सलाहकार राजस्थान सरकार व दूदू विधायक बाबूलाल नागर साथ ही अध्यक्षता विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर, विशिष्ट अतिथि पावटा ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस महादेव प्रसाद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य जगदीश मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता, एसीबीओ सुरेश कसाना, जिला पार्षद विमला राजेश यादव, पंचायत समिति सदस्य मीना वेदप्रकाश बाकोलिया, खेलना सरपंच राजकुमार धानका, पूर्व संयुक्त निर्देशक बंसीधर गुर्जर, भांकरी सरपंच मेहरसिंह व विशेष आग्रह मुय प्रेरक भामाशाह शिक्षा विभाग राजस्थान से समानित मनोज बुनकर रहे।

पूनिया ने विधानसभा चुनावों में युवाओं को टिकट देने की पैरवी की

अलवर, (निसं)। नई दिल्ली में बीजेपी की कार्यसमिति की मीटिंग से लौटते वक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया बुधवार को अलवर जिले के प्रवास पर विभिन्न अभिनंदन, संगठनात्मक और सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए।

पूनिया नई दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा अलवर पहुंचे, जहां उन्होंने तिजारा, अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों में आमजन और कार्यकर्ताओं से संवाद किया। वहीं अलवर जिले में मनसा चैक, टपूकडा, टपूकडा बस स्टैंड, तिजारा, शाबादी ग्राम, चिकानी, टेल्को सर्किल, नमन होटल, हनुमान सर्किल इत्यादि स्थानों पर अभिनंदन कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान मालाखेड़ा के झारेडा गांव में डॉ. पूनिया ने स्वर्गीय पुन्याराम जाटव और स्वर्गीय भगवानी देवी जाटव के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा के विजय संकल्प में मजबूती से जुटने का आह्वान किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में तीन चैथाई बहुमत के साथ राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी एवं 2024 में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और युवा एवं किसान विरोधी राज्य की कांग्रेस सरकार की विदाई तय है।

- पूनिया ने पत्रकारों से कहा राजनीति में निरंतरता जरूरी है, नए लोग आएं और उनको अवसर मिले
- नई दिल्ली से जयपुर आते समय अलवर जिले में पूनिया का जगह-जगह किया स्वागत

इस दौरान पूनिया ने पत्रकार वार्ता में विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक युवाओं को टिकट दिए जाने की पैरवी की है। उन्होंने कहा कि वैसे तो टिकट के मामले में पार्टी ही उम्र, भूगोल, सामाजिक विज्ञान सब तय करती है। लेकिन मैं इस बात से सहमत हूं कि राजनीति में निरंतरता जरूरी है, नए लोग आएं और उनको अवसर मिले। क्योंकि खुद पार्टी के संगठन के भीतर पदों की उम्र को कम कर दिया है। अब 30 की उम्र में मंडल अध्यक्ष बनता है। किसी समय 60 की उम्र में मंडल अध्यक्ष बनते थे। उम्र की एक मर्यादा जरूर है, लेकिन नए लोग निर्वाचित होकर आने चाहिए। उन्होंने कहा कि निकाय व पंचायतीराज चुनावों में नए लोग चुनकर आते हैं। ऐसे कार्यकर्ता व नेता ही आगे चलकर पार्टी के एसेट बनते हैं। ऐसा नेतृत्व आना ही चाहिए, जो आगे 30 साल तक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में नेतृत्व कर सके।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ाए जाने के बाद खुद के कार्यकाल को लेकर कहा कि जो पार्टी नेतृत्व तय करेगा, वही जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। मैं तो सामान्य कार्यकर्ता हूं, जो भूमिका मिलेगी उसके लिए तैयार हूं। पूनिया ने यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले चेहरों का अलग-अलग आकलन होता है। पार्टी का संसदीय दल जो निर्णय करेगा, वही चेहरा होगा, चाहे पार्टी चेहरा तय करे या न करे।

इस दौरान पूनिया ने कहा कि बीजेपी की जनाक्रोश यात्रा व संभाएं बेहद सफल रही हैं, हजारों की भीड़ यात्रा व सभाओं में आई। सोशल मीडिया पर करोडों की भागीदारी रही। अलवर के खेडली में सभा में महिला डांसर लाने के मामले में कहा कि यहां चूक हुई है। पूरे प्रदेश में यहां आकर एक पेंट लगा है। जिसको लेकर उनको भी जवाब देना पड़ा है। पूनिया ने गहलोत सरकार का हर जगह फेल बताया। वादे आधे भी पूरे नहीं करने और झूठी घोषणाएं करने के आरोप लगाए। पूनिया ने कहा कि कांग्रेस जब भी सत्ता से बाहर होती है तो उनकी दुर्गति होती है। एक बार 57 दूसरी बार 21 अब अनुमान लगा लो कितनी सीट आएंगी। उनकी ही पार्टी के नेता कहते हैं कि एक कार में बैठकर आए जाएंगे, इतने ही कांग्रेसी जीतकर आएंगे। गहलोत राजस्थान के लोगों को दिलों को जोड़ने के जादूगर नहीं हैं। वे जोड-तोड की सरकार ही चला सकते हैं।

अतिक्रमण हटाने के नोटिस से प्रभावितों ने किया हंगामा

लालसोट, (निसं)। चांदसेन ग्राम पंचायत की सरपंच कौशल्या देवी द्वारा गत दिनों टंकी पर चढ़कर ग्राम पंचायत में हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग पर किए गए प्रदर्शन के बाद पूर्व सरपंच रहे शंभू लाल यादव के पुत्र राहुल यादव द्वारा उच्च न्यायालय में अतिक्रमण हटाने के खिलाफ याचिका दायर करने से नाराज गाड़िया लोहार सहित अन्य लोगों द्वारा कोथून रोड स्थित पूर्व सरपंच यादव की दुकान प्रतिष्ठान पर जाकर जमकर हंगामा करने के साथ नोटिस की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन के लिए पहुंचने की सूचना से पहले ही पूर्व सरपंच शंभूलाल वहां से चले गए थे। गाड़िया लोहार एवं अन्य ऐसे लोग जो चरागाह भूमि पर काफी लंबे समय से पुख्ता निर्माण कर रहे हैं संबंधितों को रहवास वाली जगह से बेदखल करने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद नोटिस तामिल होने पर गुस्साए लोगों द्वारा पूर्व सरपंच शंभू लाल यादव के दुकान प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उसके पुत्र राहुल यादव द्वारा उच्च न्यायालय में अतिक्रमण हटाने के लिए की गई अपील को लेकर कडी नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। उन्होंने कहा कि उनको इस तरह लंबे समय से रहने के बाद उस जगह से बेदखल करने के लिए न्यायालय में जाकर प्रताड़ित करना सरासर गलत है। उनके द्वारा कहा गया कि आपस की राजनीति की लड़ाई में गाड़िया लोहार सहित गरीब तबके का नुकसान होगा ऐसे में गरीब तबका बेघर होने के साथ उसका सब कुछ तबाह हो जाएगा। गाड़िया लोहार सहित अन्य ऐसे लोग जिनको नोटिस मिला है उनके द्वारा इस बेघर करने की कार्रवाई को रोकने की भी मांग की गई है।

- पूर्व सरपंच की दुकान पर जाकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया

गौरतलब है कि चांदसेन ग्राम पंचायत में अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर खीचतान चल रही है जिसका खामियाजा वहां लंबे समय से रह रहे गाड़िया लोहार एवं अन्य लोग भुगतने के कगार पर खड़े हुए हैं।

फागी को नगरपालिका बनाने की मांग

फागी, (निसं)। कस्बे के आजाद विचार क्रांति मंच फागी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिलकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कस्बे की आबादी 20000 से ज्यादा है।

जिला मुख्यालय से सबसे नजदीक तथा नगरपालिका बनने हेतु कस्बा सभी अहरताय पूरी करता है। मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सोयल ने बताया कि गांव के समुचित विकास,रोजगार के विभिन्न अवसर एवम ग्रामीणों के शहर की और होते पलायन को रोकने के लिए फागी को नगरपालिका बनाना अतिआवश्यक है।

इस अवसर पर मंच के महासचिव हनुमान चौधरी उपाध्यक्ष कानाराम चौधरी कोषाध्यक्ष डाक्टर रामप्रसाद मीणा सलाहकार पारस जैन सहित काफी संख्या में कस्बेवासी एवम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बंदरों के आंतक से ग्रामीण परेशान

राजगढ़, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के थाना राजाजी ग्राम पंचायत में बंदरों की गतिविधियों से ग्रामीण परेशान हैं। प्रतिदिन बच्चों एवं बड़ों को काट लेने के साथ बंदरों के घरों में घुसने से लोगों में डर बना हुआ है। विदित रहे कि थाना राजाजी ग्राम में बंदरों की हरकतों से करीब आधा दर्जन से भी अधिक बच्चे औरतें एवं बड़े शिकार हो चुके हैं। बंदरों की हरकतों का आलम यह है कि एक और बच्चों को अपना शिकार बनाते हैं वहीं दूसरी ओर विरोध करने वाले बड़े लोगों पर भी अपना हिंसक रवैया दिखाकर भयभीत करने में लगे हैं। जागरूक के ग्रामीणों ने उपखंड प्रशासन से ग्राम पंचायत थाना राजाजी में बंदरों की हरकतों से निजात दिलाने की मांग की है।

71 लोगों की आंखें जांची

सांभरझील, (निसं)। शंकरा आई हॉस्पिटल एवं जिला अंधता निवारण समिति के आर्थिक सहयोग से मंगलवार को नकाशा चौक स्थित मंदिर परिसर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में जयपुर से आई डॉक्टरों की टीम ने 71 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की। सांभर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण गोयल ने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 9:00 से 1:00 बजे तक किया गया।

सार-समाचार

बूचड़खाने की दुर्गंध से राहत दिलाने की मांग

टोंक, (निसं)। रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार समाजिक न्याय संगठन राष्ट्रीय संयोजक अकबर खान ने नगर परिषद टोंक सभापति अली अहमद एवं नगर परिषद आयुक्त अनिता खिंचड़ से मुलाकात की और टोंक शहर की प्रमुख समस्या बूचडखाना की दुर्गंध से आमजन को राहत दिलाने की मांग की और इसके अलावा शहर की अन्य समस्याओं से कराया अवगत। जिस पर सभापति व आयुक्त दोनों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही टोंक शहर को बूचडखाना की समस्याओं से निजात दिलाई जायेगी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान, पार्षद रेशमा फिरोज नागौरी, रामस्वरूप चौधरी, हरीनारायण मीणा आदि मौजूद थे।

छात्राओं को स्कूटी वितरण की

चाकसू, (निसं)। बुधवार को कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय में कस्बे के विभिन्न महाविद्यालय की छात्राओं को काली बाई भील मेधावी छात्रा योजना एवं देवनारायण स्कूटी योजना अंतर्गत स्कूटी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.गीतांजली मीणा ने बालिकाओं का उत्साह वर्धन किया। योजना नोडल अधिकारी गोकुल मीणा ने बताया कि योजना अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय चाकसू की 27, मानव पीजी महाविद्यालय की 12, रुकमणी देवी कॉलेज की 2 एवं महाराना प्रताप कॉलेज की 2 मेधावी छात्राओं को स्कूटी दी गई। उसके बाद निजी महाविद्यालयों ने अपने अपने विद्यालय में सादा समारोह आयोजित कर छात्राओं को स्कूटी सौंपी।

संशोधित प्रमाण पत्र जारी

देवली, (निसं)। देवली पालिका अध्यक्ष ने अपने निजी स्तर पर संशोधित प्रमाण पत्र जारी कर मीडिया को बताया कि 7 अप्रैल 2022 को उनकी ओर से निजी स्तर पर एक सत्यापन पत्र जारी हुआ था। जिसमें टाइपिंग तकनीकी खामियों के कारण अनुसूचित जाति (वर्ग) महिला आरक्षित वार्ड की जगह सामान्य (वर्ग) वार्ड अंकित हो गया था। नगर पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने फिर से अपने निजी स्तर पर संशोधित पत्र जारी कर बताया कि देवली शहर के वार्ड नंबर 4 निवासी दिनेश तेजी पुत्र रामपाल तेजी एवं नाथू पुत्र छीतर कीर के नाम से शहर में निर्मित दुकानों का उल्लेख सत्यापन किया है। ऐसे में उक्त दौरान जारी सत्यापन पत्र की टाइपिंग में रही खामियों के कारण शहर का वार्ड नंबर 4 सामान्य वर्ग पर अंकित हो गया था। उक्त पत्र में हो चुकी खामियों के संशोधन पर पालिका अध्यक्ष ने पत्र जरिए बताया कि शहर का वार्ड 4 नंबर अनुसूचित जाति (वर्ग) की महिला के नाम आरक्षित वार्ड है। पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने उक्त दौरान टाइपिंग में बनी तकनीकी खामियों का उल्लेख करते हुए कहा है कि पूर्व में जारी सत्यापन पत्र में प्रकाशित शहर के वार्ड नंबर 4 को सामान्य वर्ग की बजाएं अनुसूचित जाति (वर्ग) महिला आरक्षित वार्ड ही माना जाए।

ओलंपिक खेलों की तैयारियां शुरू

नरैना, (निसं)। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन होने के बाद अब शहरी ओलंपिक खेलों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऐलान किया था कि आगामी 26 जनवरी से राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि खेलों का शुभारंभ 26 जनवरी से होगा। जिसमें हर आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष भाग ले सकेंगे। ओलंपिक खेलों में कबड्डी, बास्केटबॉल, टेनिस, क्रिकेट, फुटबाल,खो खो,वॉलीबाल एवं दौड प्रतियोगिता शामिल होगी। खेलो मे भाग लेने वाले इच्छुक खिलाडी 21 जनवरी तक ई-मित्र व ओलंपिक खेल साईट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। मंगलवार को अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार शर्मा,भाजपा नेता सुनिल पारीक,मोइनुद्दीन बरबरा, मौके पर पहुंचे और खेल मैदान का जायजा लिया।

बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मार्ग में भरा गंदा पानी

पावटा, (निसं)। कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर मार्ग के दोनों तरफ गंदे पानी के निकास के लिए नालियों के बंद होने के कारण घरों का पानी सड़कों पर बह रहा है। सड़क पर भरे पानी के चलते इस रास्ते से मंदिर जाने के लिए श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले में नालियां बनी हुई भी हैं लेकिन उन्हें अतिक्रमियों द्वारा बंद कर दिया गया जिसके कारण घरों से निकलने वाला गन्दा पानी बाबा भूतनाथ जोहडा धाम प्राचीन मन्दिर के रास्ते में भरा रहने से श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी हो रही है। वहीं शव यात्रा के दौरान श्मशान व कब्रिस्तान जाने का भी यही एक मात्र मार्ग है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नालियां बनवाने व बनी हुई नालियों की सफाई की मांग कर चुके हैं, परंतु कोई समाधान नहीं हो रहा। बरसात शुरू होने से पहले नालियों का निर्माण नहीं कराया गया तो इस रास्ते पर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाएगी।

चिकित्सा मंत्री ने पूर्व छात्रों एवं भामाशाहों का सम्मान किया

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित श्री अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा स्कूल के पुरातन छात्र एवं स्कूल में सहयोग देने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया गया।

चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि राजकीय विद्यालयों में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शैक्षिणक माहौल मिले इसके लिए हर स्तर पर उनके द्वारा प्रयास किए गए हैं। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि राजकीय विद्यालयों से निकले हुए छात्र छात्राएं आज उच्च पदों पर भारत के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। चिकित्सा मंत्री मीणा ने मौजूद छात्र छात्राओं एवं राजकीय विद्यालय परिवार को आश्वस्त करते हुए कहा गया कि स्कूल में पर्याप्त सुविधाओं के साथ छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जो मदद चाहिए वह हर समय करने को तैयार है। कार्यक्रम को नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र, जग्गू रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति रहे डॉ विनोद शास्त्री, दिनेश मिश्र, प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा, पालिका उपाध्यक्ष संतोष स्वामी आदि द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के पुरातन छात्र रहे पूर्व कुलपति विनोद शास्त्री द्वारा विद्यालय को एक लाख रुपये एव रमेश जांगिड़ द्वारा पचास हजार व सीडीईओ जीएन माली द्वारा पाच हजार रुपये सहयोग राशी नकद प्रदान की गई ।सीडीईओ गोविंद नारायण माली, एसडीएम ब्रजेंद्र मीणा आर्टिस्ट रमेश चंद जांगिड़ पुर्व पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास, राजेंद्र पाखला प्रधानाचार्य मदन पारीक, पुर्व सरपंच दीपक पटेल उपप्रधान कैलाश दुसाद ,राकेश मीणा, जीतू बढ़ाया, राजेंद्र पाखला, पार्षद लक्ष्मी नारायण भारद्वाज जय प्रकाश सैनी ओमप्रकाश चतुर्वेदी अतुल बेनाडा बन्की बिहारी मोहन लाल शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि भामाशाह विद्यालय परिवार के लोग एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

राजकीय विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं छात्र-भामाशाह सम्मान समारोह को चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने संबोधित किया।

गुर्जर महासभा की कार्यकारणी घोषित

निवाई, (निसं)। राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा,प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वृद्धिचन्द के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष सुरज्ञानसिंह खाटरा ने अपनी कार्यकारणी की घोषणा की है। नवीन कार्यकारणी में उपाध्यक्ष रमेशचन्द, शिवदयाल पंवार, कृष्ण गोपाल, दशरथ भाटी, बसराम गुर्जर, मोहनलाल, लादूलाल व खेमराज, महामंत्री रामअवतार धाभाई, एडवोकेट लक्ष्मीनारायण, देवराज, मोहरसिंह व गोपाललाल, कोषाध्यक्ष प्रहलाद पटवारी, मंत्री राजेश गुर्जर, प्रधान गुर्जर, मुकेश गुर्जर, आशराम डोई, गोपीलाल गुर्जर, रामराय गुर्जर, देवीलाल गुर्जर, प्रकाशचन्द, संयुक्त मंत्री आरडी गुर्जर, गीताराम, श्रवणलाल, महावीर, देवकिशन, नादानसिंह व यज्ञराम को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कार्यकारणी 38 सदस्यों को शामिल किया है।

'सरपंचों के सहयोग से विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे'

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत कूजोता के ग्राम अजीतपुरा कलां में पंचायत कोष से निर्मित सीसी रोड का उद्घाटन जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा एवं भाजपा नेता मुकेश गोयल के आतिथ्य में हुआ। इस सड़क का निर्माण गांव के मुख्य डामर रोड से राप्रावि ढाणी नवाब वाली तक किया गया। उद्घाटन अवसर पर जिला प्रमुख रमा चौपड़ा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा व समर्पण के साथ गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गांवों का जब विकास होगा तो देश भी आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जहां तक हो सकेगा सरपंचों के सहयोग से क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

- अजीतपुरा कलां में सीसी रोड उद्घाटन एवं भण्डारे के कार्यक्रम को जिला प्रमुख रमा चौपड़ा ने संबोधित किया

जिला जयपुर देहात उत्तर भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा कहा कि प्रदेश में जब भी भाजपा सरकार रहती है तब विकास कार्यों हेतु भण्डार खोल देती है। केन्द्र की मोदी सरकार गांवों में सुगम परिवहन हेतु विकास कार्यों में जुटी हुई है। प्रदेश में जब से कांग्रेस सरकार आई है तब से विकास की गति थम सी गई है। उन्होंने ग्राम वासियों को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर भाजपा नेता मुकेश गोयल, सरपंच प्रतिनिधि नेतराम ताखर आदि ने भी संबोधित किया। उद्घाटन अवसर पर भण्डारे का भी आयोजन किया गया तथा जयराम ठेगला एण्ड पार्टी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी। सरपंच मीरा नेताराम ताखर ने आगन्तुक अतिथियो का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, विषेष सम्पर्क प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बगुला प्रसाद स्वामी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, भाजयुमो जिला कार्यालय प्रभारी विकास जांगल, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष राजेष सराधना, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष एवं सरपंच सोनू चौधरी, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष नितिन सिंह, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुबेसिंह आर्य, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय आर्य, एसटी मोर्चा जिलामंत्री महेन्द्र मीणा, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शीषराम जाट, रोशन आर्य, रामकुमार कटारिया, सुवालाल बावरिया आदि जन प्रतिनिधियो सहित सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे।